भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †3290

उत्तर देने की तारीख- 12/03/2026

पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर में ईएमआरएस

† 3290. श्री कार्तिक चन्द्र पॉल:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवीनतम जनगणना और अद्यतन जनसांख्यिकीय अभिलेखों के अनुसार, पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में ब्लॉक-वार अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या कितनी है;

(ख) क्या उक्त जिला अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या की बहुलता के संदर्भ में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की स्थापना के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है;

(ग) क्या उत्तर दिनाजपुर जिले में ईएमआरएस स्थापित करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा स्थिति क्या है;

(घ) वर्तमान में पश्चिम बंगाल में जिला-वार कितने ईएमआरएस संचालित या स्वीकृत किए गए हैं; और

(ङ.) क्या सरकार का उत्तर दिनाजपुर की अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या और शैक्षिक आवश्यकताओं को देखते हुए वहां एक ईएमआरएस स्वीकृत करने का विचार है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (ग) और (ङ): जनगणना 2011 के अनुसार, पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में ब्लॉक-वार जनसंख्या नीचे दी गई हैः

क्र.सं.	सीडी ब्लॉक का नाम	कुल जनसंख्या	अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	प्रतिशत
1	चोपरा	284403	20043	7%
2	इताहार	303678	25334	8%
3	करनदीघी	368332	28773	8%
4	रायगंज	430221	27785	6%
5	हेमताबाद	142056	6491	5%
6	इस्लामपुर	308518	8032	3%
7	गोलपोखर - I	326120	12595	4%
8	गोलपोखर - II	291252	17647	6%
9	कालियागंज	224142	12675	6%

ईएमआरएस योजना के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, 50% से अधिक अजजा आबादी और कम से कम 20,000 जनजातीय व्यक्तियों (2011 की जनगणना के अनुसार) वाले ब्लॉकों में ईएमआरएस को संस्वीकृति दी जाती है। उत्तर दिनाजपुर जिले का कोई भी ब्लॉक उपरोक्त दोहरे मानदंडों को पूरा नहीं करता है।

(घ): पश्चिम बंगाल में 9 ईएमआरएस संस्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 8 ईएमआरएस क्रियाशील हैं। जिला-वार स्थिति नीचे दी गई हैः

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**संस्वीकृत**	**क्रियाशील**
1	बांकुरा	1	1
2	बीरभूम	1	1
3	दक्षिण दिनाजपुर	1	1
4	जलपाईगुड़ी	1	1
5	झारग्राम	1	1
6	कलिम्पोंग	1	1
7	पश्चिम बर्धमान	1	1
8	पुरुलिया	2	1
	कुल योग	**9**	**8**

*****